हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 24 अक्टूबर 2025

04 धूमधाम से मना भाई दूज का त्योहार, भाई को तिलक...



07 रास्ते के विवाद में दो समुदाय में झगड़ा एक पक्ष के...





## खबर संक्षेप

### श्रमिकों की आयु गणना के लिए नवीन निर्देश

**सीहोर।** मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना अंतर्गत श्रमिक की आयु गणना के लिये श्रम विभाग द्वारा नवीन निर्देश जारी किये गये हैं। अब आयु गणना के लिये ₹आधार कार्ड के आधारपर₹ शब्द विलोपित किया गया है। आयु के प्रमाण के लिये परीक्षा लेने वाले बोर्ड या विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किया गया प्रमाण पत्र या अंकसूची या उस अंतिम विद्यालय द्वारा, जिसमें उसने अध्ययन किया, जारी किया गया विद्यालय छोड़ने का प्रमाण पत्र मान्य होगा। इसी तरह जन्म तथा मृत्यु के रजिस्ट्रार से प्रमाण पत्र एवं ग्राम पंचायत या मुख्य नगर पालिका अधिकारी से प्रमाण पत्र मान्य होगा। श्रम विभाग के अतिरिक्त सचिव श्री बसंत कुर्रे ने बताया है कि उपरोक्त प्रमाण-पत्रों के न होने पर उस चिकित्सा अधिकारी का प्रमाण पत्र, जो शासकीय सेवा में सहायक शल्य चिकित्सक की पद श्रेणी से निम्न पद श्रेणी का न हो का प्रमाण पत्र मान्य होगा। उक्त चारों दस्तावेज अथवा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध अन्य आयु संबंधी दस्तावेजों के परीक्षण उपरांत गुण-दोष के आधार पर आयु संबंधी निर्णय लिया जायेगा।

### 5 रुपये में नवीन विद्युत कनेक्शन

**सीहोर।** विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को अब मात्र 5 रुपये में नवीन घरेलू कनेक्शन उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है। कंपनी ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले उपभोक्ताओं को अब केवल 5 रूपये में नवीन विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है।

### श्रमिकों को बोनस भुगतान जरूरी

**सीहोर।** श्रम विभाग द्वारा राज्य में संचालित समस्त कारखानों और वाणिज्यिक संस्थानों में कार्यरत श्रमिकों के लिए बोनस भुगतान अधिनियम 1965 के तहत कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। ऐसे संस्थान जहां बीस या इससे अधिक श्रमिक कार्यरत हैं और जिनका मासिक वेतन 21 हजार रुपये से कम है, उन्हें बोनस भुगतान किया जाना जरूरी है। अधिनियम के अनुसार हर लेखा वर्ष में किए गए कार्य के बोनस का भुगतान आगामी लेखा वर्ष में 30 नवंबर तक किया जाना चाहिए। बोनस की राशि 7000 रुपये अथवा 8.33% जो भी अधिक हो वह देय होगी। उप श्रम आयुक्त श्री आशीष पालीवाल ने बताया है कि उक्त बोनस का भुगतान न होने की स्थिति में अपनी शिकायत संबंधित जिला श्रम कार्यालय में, एल.सी.एम.एस.पोर्टल पर, शासन द्वारा संचालित पोर्टल 181 पर अथवा श्रम विभागीय टोल फ्री नंबर 18002338888 पर दर्ज करवा सकते हैं।

# मासूम दीक्षा की मौत के मामले की प्रारंभिक जांच में खुलासा
# दीक्षा को था मस्तिष्क बुखार, किया गया गलत उपचार !

### अवैध मुस्कान क्लीनिक की बड़ी लापरवाही आई सामने

**सीहोर।** पीपलिया निवासी दो वर्षीय मासूम दीक्षा कुशवाहा की कथित तौर पर अवैध मुस्कान अस्पताल में गलत इलाज के कारण हुई मौत के मामले में प्रारंभिक जांच में घोर लापरवाही उजागर हुई है। डॉ. नवीन मैहर की अध्यक्षीय डॉक्टरों की जांच टीम ने संकेत दिए हैं कि बच्ची को मस्तिष्क का बुखार था, जिसे क्लीनिक का संचालक समझने में विफल रहा और गलत इलाज कर दिया, जिससे उसकी जान चली गई।

पीड़ित परिवार के अनुसार 2 अक्टूबर को दीक्षा को खांसी और बुखार के इलाज के लिए मुस्कान क्लीनिक के कथित डॉक्टर अशोक विश्वकर्मा के पास ले जाया गया, जहां डॉक्टर द्वारा एक इंजेक्शन लगाए जाने के तुरंत बाद ही बच्ची की तबीयत बिगड़ गई और वह कोमा में चली गई और पांच दिन संघर्ष के बाद उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में परिजनों ने कोतवाली थाने में भी शिकायत दर्ज कराई थी।

### 10 महीने तक चलता रहा 'मौत का क्लीनिक'

इधर इस मामले में जितनी लापरवाही मुस्कान क्लीनिक संचालक की सामने आ रही है, उतना ही जिम्मेदार जिला स्वास्थ्य विभाग भी है। दरअसल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय ने 10 महीने पहले निरीक्षण में कमी पाए जाने के बाद 24 दिसंबर 2024 को ही मुस्कान अस्पताल को बंद करने का आदेश दिया था। इसके बावजूद संचालक अशोक विश्वकर्मा पिछले 10 महीने से यह अस्पताल अवैध रूप से चला रहा था। हैरानी की बात यह है कि सीएमएचओ सुधीर कुमार डेहरिया और उनका स्टाफ इस बात से अंजान रहा कि उनके दफ्तर से महज 10 किलोमीटर की दूरी पर यह खतरनाक क्लीनिक धड़ल्ले से चल रहा था।




### जांच के लिए पांच सदस्यीय टीम

इधर घटना के बाद सीएमएचओ सुधीर कुमार डेहरिया द्वारा आनन फानन में गठित की गई पांच सदस्यीय उच्च स्तरीय जांच समिति की है। इस टीम की अध्यक्षता डॉ. नवीन मेहर कर रहे हैं। डॉ. नवीन मैहर के अनुसार प्रारंभिक पड़ताल में यह खुलासा हुआ है कि परिजन 2 अक्टूबर को बच्ची को को बरखेड़ी गांव स्थित मुस्कान क्लीनिक लाए थे। क्लीनिक संचालक अशोक विश्वकर्मा बच्ची की वास्तविक बीमारी संभवतः मस्तिष्क का बुखार को नहीं समझ सका। परिजनों के अस्पताल पहुंचते ही उसे कथित तौर पर एक इंजेक्शन लगाया गया और करीब 633 रुपये का बिल बनाया गया था। इंजेक्शन लगने के तुरंत बाद बच्ची की हालत बिगड़ गई वह कोमा में चली गई जिसकी बाद में भोपाल के अस्पताल में मौत हो गई।

### लापरवाही के आरोप में एफआईआर

मासूम की मौत के बाद पुलिस ने क्लीनिक संचालक अशोक विश्वकर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। हालांकि यह कार्रवाई बच्ची की मौत में लापरवाही के आरोप में नहीं बल्कि केवल स्वास्थ्य विभाग के नियमों का उल्लंघन करने के लिए की गई है।

### जांच रिपोर्ट पर निर्भर है आगे की कार्रवाई

पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि बच्ची की मौत के मामले में संबंधित धाराएं तभी जोड़ी जाएंगी, जब पांच सदस्यीय जांच टीम की अंतिम रिपोर्ट यह पुष्टि कर देगी कि दीक्षा की मृत्यु अवैध रूप से संचालित अस्पताल की लापरवाही या गलत इलाज के कारण हुई है। फिलहाल कथित डॉक्टर अशोक विश्वकर्मा क्लीनिक बंद कर फरार है और दीक्षा के परिजनों को न्याय का इंतजार है।

---

### पार्षदों ने सीवेज के बहाने गुजारे 3 साल, अब सिर्फ एक साल शेष, चौथे में तो शुरू हो जाएगा चुनावी घमासान

# पार्षदों की नेतृत्व क्षमता पर उठ रहे सवाल, वार्डों में नहीं हो रहा सड़कों का निर्माण, जनता में रोष

वार्डों में सड़कों को निर्माण नहीं होने के कारण व सीवेज की खुदाई के बाद हुए गड्ढों के कारण लोगों का जीना मुहाल हो गया है

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नगर पालिका परिषद के 3 साल भले ही निर्विघ्न संपन्न हो गए हो, लेकिन इस परिषद के कार्यकाल ने पार्षदों की नेतृत्व क्षमता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कार्यकाल के तीन साल बीत चुके हैं और वार्डों की सडक़ों की हालत जर्जर है, लेकिन पार्षदों के पास एक ही जवाब है। सीवेज का काम पूरा हो जाए, फिर सडक़ बनेगी। 35 वार्डों वाली इस नगर पालिका में भाजपा, कांग्रेस और निर्दलीय पार्षदों की लंबी फौज है, लेकिन विकास के नाम पर जनता को सिर्फ वादे ही मिल रहे हैं। बता दें नगर पालिका चुनाव को तीन साल का समय हो चुका है। 17 जुलाई 2022 को परिणाम आए थे। परिषद के तीन वर्षीय कार्यकाल में वार्डों की इक्का-दुक्का सडक़ों को छोडक़र, ज्यादातर वार्डों में नई सडक़ें और नालियां नहीं बनी हैं, जो सडक़ें आज नजर आ रही हैं, वे पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अमिता जसपाल सिंह अरोरा अरोरा या फिर नरेश मेवाड़ा के कार्यकाल की हैं। वार्डों में सीवेज की खुदाई के बाद गड्ढे और धूल-धुएं ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है, लेकिन पार्षद सिर्फ सीवेज का हवाला देकर पल्ला झाड़ रहे हैं।

### 10 महीने बाद शुरू हो जाएगा चुनावी घमासान

अब जबकि पार्षदों के पास विकास के लिए महज एक साल बचा है, चौथे साल में चुनावी सरगर्मियां शुरू हो जाएंगी। पार्षद बनने की चाह रखने वाले नए नेता भी सक्रिय हो जाएंगे, जिससे वार्डों में घमासान मचना तय है। वार्डवासियों का कहना है कि जब भी वे पार्षदों से काम के लिए कहते हैं तो उन्हें यही सुनने को मिलता है कि वार्ड में सडक़-नाली निर्माण, विकास काम कराऊंगा, तभी वोट मांगने आऊंगा। लेकिन इस कोरे आश्वासन की वजह से पार्षदों की नेतृत्व क्षमता पर भी सवाल उठने लगे हैं।

**दिग्गज नेताओं की मौजूदगी भी बेअसर :** इस परिषद की एक ओर खास बात यह है कि इस परिषद में दिग्गज नेता शामिल हैं। वार्ड क्रमांक 05 से कांग्रेस के राजीव गुजराती पार्षद हैं, जो वर्तमान में कांग्रेस जिलाध्यक्ष भी हैं।

वार्ड क्रमांक 09 में बीजेपी से सीताराम यादव पार्षद हैं, जो राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य भी हैं। इसी तरह वार्ड क्रमांक 15 से बीजेपी के विकास प्रिंस राठौर पार्षद हैं, जो पूर्व में बीजेपी के मंडल अध्यक्ष रह चुके हैं, जबकि वर्तमान में नगर पालिका अध्यक्ष भी हैं।



**सीहोर।** जर्जर सड़क पर धूल के गुबार लोगों के लिए परेशानी होती हैं।



**सीहोर।** रेल्वे स्टेशन रोड जो लंबे समय से जर्जर अवस्था में है।

### हरिभूमि वार्ड स्कैन में भी खुलासा, विकास की जरुरत

'हरिभूमि वार्ड स्कैन' में भी यह बात सामने आई है कि वार्डवासी खुलकर बोल रहे हैं कि उनके वार्ड में कोई काम नहीं हुआ है। अब तक पांच वार्डों का स्कैन किया जा चुका है, जिसमें नागरिकों ने समस्याएं बताई हैं। वार्डों में सडक़ें जर्जर नजर आई तो सीवेज की खुदाई की वजह से सडक़ें बीच में या साइड से पूरी तरह खुदी है। जब सडक़ों को लेकर पार्षदों से बात की तो एक ही जवाब मिला, वर्क आर्डर हो चुका है। जल्द ही सडक़-नाली बनेंगी।

### सीहोर नगर पालिका के पार्षद

वार्ड क्रमांक 01 से सुनीता राय, वार्ड 02 विपिन सास्ता, 03 अरुण मालवीय, 04 से राजेश, 05 से राजीव गुजराती, 06 से विद्या प्रदीप बिजौरिया, 07 से हेमलता परमार, 08 पूर्णिमा कुशवाह, 09 से सीताराम यादव, 10 विवेक राठौर, 11 लोकेन्द्र वर्मा, 12 वर्षा, 13 सविता, 14 संतोष शाक्य, 15 से विकास राठौर (नगर पालिका अध्यक्ष), 16 कमलेश राठौर, 17 से मायादेवी कसोटिया, 18 से प्रदीप गौतम, 19 से नरेन्द्र राजपूत, 20 सपना मालवीय, 21 प्रभा कुशवाह, 22 से अनुषा राठौर, 23 मीना राठौर, 24 अजयपालसिंह राजपूत, 25 मुकेश मेवाड़ा, 26 से खुशबू कुरैशी, 27 से मुस्तुफा अंजुम, 28 से रामकली, 29 से रजनी, 30 वार्ड 30 से इशरद इरशाद पहलवान, 31 से इरफान खान, 32 से आजग बेग, 33 तनवीर अंसारी, 34 से हेमा सुदीप व्यास, 35 से चांदनी मालवीय शामिल हैं।

### शहर में बड़े काम हुए, वार्डों में कमी

यहां यह उल्लेखनीय है कि इस परिषद द्वारा शहर में बड़े काम कराए जा रहे हैं, इन कामों में शहर में पानी की टंकी, बस स्टैंड पर ऑडिटोरियम, शहर की सडक़ें चौड़ी हो रही हैं, सब्जी मंडी का निर्माण, भोपाल नाका पर कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया गया है। लेकिन विडम्बना यह है कि इस दौरान शहर के वार्डों में काम का अभाव है, जबकि पार्षदों को अपने ही वार्ड की जनता का सामना करना होगा है।

### पार्षदों का कहना

- वार्ड क्रमांक 21 से बीजेपी पार्षद प्रतिनिधि कमलेश कुशवाह ने बताया कि 3 साल के कार्यकाल में उनके वार्ड में केवल 1 ही छोटी सड़क बनी है, बाकी काम नहीं हो सका है। वार्ड की जनता मेरे पास सडक़ नाली निर्माण की मांग लेकर आ रही है। वर्क ऑडर भी हुए हैं, लेकिन ठेकेदार काम करने को राजीव नहीं।
- वार्ड 12 के कांग्रेस पार्षद प्रतिनिधि घनश्याम यादव ने बताया कि उनके वार्ड में इन तीन सालों में 80 लाख रुपए के काम हुए हैं, जबकि नरेश मेवाड़ा जी के अध्यक्षीय कार्यकाल में 3 करोड़ रुपए के विकास काम हुए थे।

---

### कलेक्टर बोले: राजस्व और कृषि अधिकारी समन्वय के साथ कार्य करें

# निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर उर्वरक की बिक्री पर करें कड़ी कार्रवाई: कलेक्टर बालागुरु के.

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के समस्त राजस्व अधिकारी, कृषि एवं संबंधित अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में कलेक्टर ने फसल क्षति पर राहत राशि का समय-सीमा में वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रभावित किसानों को शासन की मंशानुसार शीघ्र राहत मिले, इसके लिए सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में निगरानी रखें और किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो।

बैठक में कलेक्टर ने फसल कटाई प्रयोग, सोयाबीन फसल के उत्पादन पर सतत निगरानी रखने तथा भावांतर भुगतान योजना के अंतर्गत सोयाबीन फसल का 'स्मार्ट सत्यापन' सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि जिन किसानों को फसल क्षति का लाभ दिया गया है, उनकी जानकारी को भावांतर योजना से समन्वित किया जाए, ताकि योजनाओं का लाभ पात्र किसानों तक सटीक रूप से पहुँच सके। उन्होंने कहा कि भावान्तर योजना का सभी पात्र किसानों को लाभ मिले इसके लिये राजस्व एवं कृषि अधिकारी समन्वय के साथ कार्य करें। इसके साथ ही कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले में किसी भी प्राइवेट लाइसेंसधारी द्वारा फर्टिलाइजर को अधिक दाम पर नहीं बेचा जाना चाहिए। यदि कोई व्यापारी निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर उर्वरक की बिक्री करता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध कंट्रोल ऑर्डर के तहत सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा शासन की प्राथमिकता है, इसलिए उर्वरकों की उपलब्धता और गुणवत्ता दोनों पर प्रशासन की कड़ी निगरानी रहेगी।




कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन और किसानों को समय पर लाभ मिलना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, डिप्टी कलेक्टर जमील खान, स्वाती मिश्रा उपथित थे। बैठक में सभी अनुभागों के राजस्व, कृषि एवं संबंधित अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े।

### इस साल कम बारिश दर्ज: औसत आंकड़े से भी नीचे रहा मानसून
## 50 से अधिक तालाब खाली



**सीहोर।** जिले में इस मानसून सीजन में औसत से कम बारिश दर्ज की गई है। इस साल कुल 1090 मिलीमीटर वर्षा हुई, जबकि पिछले वर्ष यह आंकड़ा 1161 मिलीमीटर था। जिले की औसत बारिश 1148 मिलीमीटर है, जिसे इस बार मानसून छू नहीं पाया।

कम बारिश के कारण जिले के 50 से अधिक तालाब खाली रह गए हैं। इससे जलस्तर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है और पानी का भंडारण भी काफी कम हुआ है। जानकारी के अनुसार, सीहोर जिले में मानसून ने 21 जून को दस्तक दी थी। हालांकि, इसके बाद कई बार मानसून ब्रेक की स्थिति बनी रही और यह अपेक्षाकृत कम सक्रिय रहा। मानसून की कम सक्रियता के चलते आगामी गर्मी में जिले में जलसंकट की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। वर्तमान में भी नगर में एक दिन के अंतराल पर पेयजल की आपूर्ति की जा रही है, जबकि मानसून सीजन हाल ही में समाप्त हुआ है।


खबर संक्षेप

## कांग्रेस नेत्री कंचन शर्मा को रायसेन का पर्यवेक्षक बनाया



**बुधनी।** महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव कंचन शर्मा को जिला अध्यक्ष चयन को लेकर रायसेन जिले का पर्यवेक्षक बनाया गया है उन्हें 25 से 30 अक्टूबर तक अपने प्रभार वाले जिले में जाकर पूर्व विधायक, महापौर,नगरपालिका अध्यक्ष,पार्षद तथा वरिष्ठ नेताओं से मिलकर जिला अध्यक्ष चयन के लिए सुझाव लेने हैं साथ ही पांच महिला कार्यकर्ताओं के बायोडाटा लेकर उनकी विस्तृत रिपोर्ट प्रदेश महिला कांग्रेस कार्यालय को देनी है इस मौके पर महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष विभा पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष नूरी खान ने कहा कि यह नियुक्ति संगठन को सशक्त और पारदर्शी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## मुख्यमंत्री को विधायक ने दी दीपावली की बधाई



**सीहोर।** राजधानी भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर विधायक सुदेश राय ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को जहां दीपावली की शुभकामनाएं दी वहीं उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में विभिन्न विकास कार्यों को लेकर प्रस्ताव पत्र भी प्रस्तुत किए। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने विधायक सुदेश राय के द्वारा विभिन्न सड़क निर्माण पुल निर्माण सामुदायिक भवन पंचायत भवन निर्माण टीन शेड निर्माण सहित अन्य जनहित के निर्माण कार्यों के प्रस्तावों को स्वीकार किया। विधायक सुदेश राय ने विधानसभा क्षेत्र के प्राकृतिक आपदा पीड़ित किसानों को पर्याप्त मात्रा राशि उपलब्ध कराने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आभार व्यक्त किया और गुलदस्ता भेंट कर उनके परिवार और संपूर्ण मध्य प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की।

### दीपावली के पंच महोत्सव के अंतिम दिन मिठाइयों की दुकानों पर एक बार फिर भीड़ रही

# धूमधाम से मना भाई दूज का त्योहार, भाई को तिलक लगा बहनों ने आरती उतार की सुख समृद्धि की कामना

इस दौरान सुबह से ही बाजार में भीड़ रही। बहनों ने अपने भाइयों के लिए मिठाई, गोला आदि की खरीदारी की। भाइयों ने अपनी बहनों की पसंद के उपहार खरीदे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



तहसील में भाई दूज का पर्व धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने भाई के माथे पर अक्षत तिलक किया, आरती उतारी, मिठाई खिलाई और दीर्घायु की कामना की। वहीं भाइयों ने बहनों को आकर्षक उपहार प्रदान किए। इस मौके पर बाजार में रौनक रही। भाई दूज पर बहनों ने भाईयों की सुख समृद्धि और मंगलकामना के लिए व्रत रखा। कहीं बहनें अपने भाइयों के घर भाई दूज मनाने के लिए पहुंचीं, तो कहीं भाई अपनी बहनों के घर पहुंचे। इस दौरान सुबह से ही बाजार में भीड़ रही। बहनों ने अपने भाइयों के लिए मिठाई, गोला आदि की खरीदारी की। भाइयों ने अपनी बहनों की पसंद के उपहार खरीदे। बहनों ने अपने भाइयों को रोली, चावल से तिलक किया, आरती उतारी और मिठाई खिलाई। साथ ही भाइयों की सुख, समृद्धि और लंबी उम्र की कामना की। भाइयों ने बहनों को आकर्षक उपहार प्रदान किए तथा रक्षा का संकल्प लिया।

### हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया भाईदूज पर्व

नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में भाई दूज का पर्व बहनों ने अपने भाइयों को तिलक लगाकर उनकी लंबी आयु और सुखी जीवन की कामना कर मनाया। भाई दूज के अवसर पर कस्बे के बाजारों में रौनक रही। भाइयों ने एक दिन पहले बुधवार को बहनों के घर जाना शुरू कर दिया था। इसके बाद भी गुरुवार को बस स्टैंड पर यात्रियों की भीड़ नजर आई। बसों में सीट फुल होने पर सवारिया बसों में अंदर खड़े होने के बाद भी काफी संख्या में सवारी बसों का इंतजार करते दिखे। बाजारों में भी खील बताशे नारियल की जमकर खरीदारी हुई पंच दिवसीय दीपोत्सव का अंतिम पर्व भाई दूज धूमधाम से मनाया गया। कैराना में भाई बहन के अटूट प्यार का त्योहार क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भैया दूज के त्योहार के चलते सवारी बसों में काफी भीड़ रही। भाई बहन के अटूट प्यार का त्यौहार क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने अपने भाई के माथे पर तिलक लगाया और उन्हें नारियल व मिठाई भेंट करते हुए उनके दीर्घायु होने की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को मिठाई, वस्त्र व अन्य उपहार भेंट किए।


### बसों में रही भीड़

भाईदूज के पर्व पर बस स्टैंड पर सुबह से भीड़ रही। भाई दूज पर्व पर बसों में यात्रियों की बस स्टैंड पर काफी भीड़ रही। भाई अपनी बहनों के घर पहुंचे जहां बहनों ने अपने भाइयों को तिलक लगाया आरती उतारी दीर्घायु की कामना की। भाई बहन के स्नेह व अटूट विश्वास के प्रतीक भैया दूज का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने भी भाइयों को तिलक कर उनके दीर्घायु और स्वास्थ्य की कामना की। भाइयों ने भी बहनों की रक्षा का वचन दिया बहनों ने भाइयों को गोला भेंट कर उनके लिए दुआएं मांगी।

### मिठाई, उपहारों की दुकानों पर रही रौनक

दीपावली के पंच महोत्सव के अंतिम दिन मिठाइयों की दुकानों पर एक बार फिर भीड़ रही। भाइयों के लिए बहनों ने जमकर मिठाई, उपहारों खरीदी। इसके अलावा नारियल गोला और बताशे की दुकानों पर भी खूब भीड़ रही। गोला की मांग कई गुना बढ़ गई। बाजार में बहनों के उपहार के लिए लोगों की साड़ी, रेडीमेड गारमेंट, सराफ आदि की दुकानों से भी काफी खरीदारी की गई।

## निजी भूमि को समाज के लिए दान करना गौरव की बात है : विधायक सुदेश राय



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

लाखों रूपये की निजी भूमि को समाज के लिए दान करना बड़ी बात है। पांच लाख रूपये हमने निर्माण के लिए दिए है लेकिन धर्म के सामाजिक कार्यो के लिए बनाए जाने वाले भवन निर्माण में समाज के सभी लोगों का धनअंश समाहित होना चाहिए उक्त बात बुधवार को विधायक सुदेश राय ने ग्वालटोली में यादव समाज के द्वारा आयोजित गौवर्धन एवं भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान समाजजनों को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होने कहा कि गंज क्षेत्र के हर क्षेत्र में नगर पालिका के द्वारा विकास कार्य कराए जा रहे है निर्माण कार्यो के लिए पैसे की कोई कमी नहीं है हमारे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव है जितना भी धन निर्माण कार्यो के लिए चाहिए हमें मिल जाएगा।

कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने भी संबोधित किया उन्होने कहा कि निर्माण कार्यो में नगर पालिका पूरा सहयोग करेगी और सासंद विधायक निधि से राशि लेकर निर्माण कार्यो के लिए उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सीताराम यादव, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सूदीप प्रजापति,पार्षद घनश्याम यादव, छोटेलाल यादव, प्रधुम्म यादव, सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधू भाजपा कार्यकर्ता नागरिक गण मौजूद रहे।

## फील्ड अधिकारियों को दिन में एक बार हाजिरी लगानी होगी

**सीहोर।** मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा फील्ड अधिकारियों के लिए सैल्फी अटेंडेंस को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब फील्ड अधिकारियों जिनमें जे.ई. एवं उससे ऊपर के अधिकारी शामिल हैं, को दो बार उपस्थिति दर्ज करने के स्थान पर दिन में कार्यालयीन समय में एक बार उपस्थिति दर्ज की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

कंपनी ने कहा है कि बिजली आपूर्ति की निर्बाधता सुनिश्चित करने की बढ़ती चुनौतियों एवं कार्य आवश्यकताओं को देखते हुए यह पाया गया है कि फील्ड अधिकारी अक्सर रखरखाव, विद्युत आपूर्ति और अधोसंरचना संबंधी कार्यों के लिए मैदानी भ्रमण पर उपस्थित रहते हैं, जिससे वे नियमित उपस्थिति समय-सारणी का पालन नहीं कर पाने की स्थिति में होते हैं।

## गरीबों के हक पर डाका: अपात्र अमीरों को लेकर सजग नहीं हो रहा प्रशासन



**रेहटी।** नगर में बड़ी संख्या में ऐसे लोग गरीबी रेखा से नीचे श्रेणी का राशन और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। जो वास्तव में संपन्न हैं और सामान्य रुप से अपना जीवन यापन कर रहे हैं। इस धांधली के कारण वास्तविक गरीब और पात्र हितग्राही आज भी सरकारी लाभ से वंचित हैं। इस मामले में अपात्र अमीरों को लेकर प्रशासन की ओर से कोई भी कदम नहीं उठाया गया है। राजनीतिक दबाव के कारण ऐसे परिवार अभी भी गरीबों के हक पर डाका डालने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। बीते दो दिनों से लगातार गरीबों को उनका हक दिलाने के लिए मुहिम चलाई जा रही है। जिसके तहत गरीबी रेखा से ऊपर आने वाले परिवार जो शासन की योजना का गलत तरीके से उपयोग करते हुए लाभ ले रहे हैं ऐसे लोगों को बेनकाब करना है। गरीबी रेखा का लाभ लेने वाले कई ऐसे परिवार भी हैं जो हकीकत में लाखों रुपए की संपत्ति के मालिक है। लेकिन शासन की फ्री की योजना का लाभ लेने के लिए वह बीते कई वर्षों से गरीब बनाकर लाभ ले रहे हैं। जानकारी के मुताबिक रेहटी में वर्तमान में बीपीएल कार्ड धारक एवं पात्रता पर्ची के माध्यम से 800 से अधिक लोग सार्वजनिक वितरण प्रणाली का लाभ उठा रहे हैं। इसमें लगभग 200 से अधिक बीपीएल कार्ड धारक शामिल हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि इस सूची में लगभग 75 से अधिक लोग ऐसे भी हैं जिनका जीवन यापन का स्तर सामान्य श्रेणी के नागरिकों से भी बेहतर है। इन लोगों को बीपीएल सूची में शामिल कर सरकारी राशन का लाभ देना सीधे तौर पर गरीबों के हक का हनन है।

### पक्का मकान- जमीन-जायदाद फिर भी शासन की निगाह में गरीब

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक नगर में 75 से अधिक ऐसे परिवार है जो शासन की योजना का लाभ लेने में सबसे आगे हैं। इन परिवारों की जीवनशैली और संपत्ति का आकलन यह स्पष्ट करता है कि वह गरीबी रेखा से काफी ऊपर हैं। योजना का लाभ लेने वालों के पास पक्का मकान खेती की जमीन व चार पहिया वाहन भी मौजूद है।

जबकि बीपीएल श्रेणी के लिए कच्चे या बहुत छोटे मकान की शर्त होती है। लेकिन कई परिवारों के पास पर्याप्त आकार केमजबूत पक्के मकान हैं। इसके अलावा पर्याप्त कृषि भूमि जिसकी आय का स्तर गरीबी रेखा से कई गुना अधिक हो जाता है।इतना ही नहीं इन परिवारों में चार पहिया वाहन भी मौजूद हैं। सरकारी नियमों के अनुसार चार पहिया रखने वाले परिवार स्वतः ही बीपीएल पात्रता से बाहर हो जाते हैं।

### ये पात्र गरीब वंचित, न्याय की मांग फिर भी प्रशासन मौन

एक तरफ जहां संपन्न लोग फर्जीवाड़ा करके गरीबों का राशन खा रहे हैं,।। वहीं दूसरी तरफ नगर में लगभग 150 से अधिक ऐसे परिवार हैं। जो गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे हैं, और पात्रता की सभी शर्तों को पूरा करते हैं। लेकिन उनका नाम अभी तक बीपीएल सूची या पात्रता पर्ची की श्रेणी में नहीं आ पाया है। यह डेढ़ सौ परिवार आज भी दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष कर रहे हैं और सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हैं। इस विसंगति ने स्थानीय प्रशासन पर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।



### गोवर्धन के दीपों की अनोखी आकृति से बने गोवर्धन देवता

**सीहोर।** सीहोर जिले के ग्राम चन्देरी के किसानों ने गोवर्धन के दीपों की आकृति से बने गोवर्धन देवता की किसानों ने आरती पूजा की और गोवर्धन देवता के गीत गाकर आरती उतारी एवं गांव की गाय भैंसों एवं बेलों को गोवा में एकत्रित कर अनोखे तरीके से दीपावली मनाई गई। यह अनोखी परम्परा पीढ़ीदर पीढ़ी से चली आ रही है, ग्रामीणों का मानना गोवर्धन पूजा से भगवान श्री कृष्ण प्रसन्न होते हैं और मनुष्यजाति एवं मवेशियों का हर दुख दर्द हर लेते हैं। सीहोर जिले के ग्राम चंदेरी में गोवर्धन पूजा की एवं सैकड़ों जलते हुए दीपों कें का गोवर्धन बनाकर की पूजा आरती कर प्रार्थना की गई। इस मौके पर किसान व समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा ने बताया कि गोवर्धन देवता से सभी किसानों ने प्रार्थना की है कि इस वर्ष हमारे सोयाबीन की फसल तो बर्बाद हो गई है। गेहूं की फसल को अच्छा रखना गोवर्धन देवता से प्रार्थना की है कि हमारे आने वाली फसल अच्छी पैदावार हो हम किसानों में खुशहाली रहे। हमारी गौ माता की रक्षा होती रहे किसी प्रकार की गाय, भैंस व अन्य सभी मवेशियों पर किसी भी प्रकार की बीमारी ना आए एवं फसलों पर भी बीमारी ना आए। सभी ग्रामीण जनता ने किसानों ने मिलकर बेलों को पूजा गया एवं अनोखे तरीके से बनाये गये गोवर्धन व शाम होते ही बैलगाड़ी की पूजा की गई जो एक अनोखा नजारा था।

### पाड़ों की लड़ाई का हुआ आयोजन, लड़ाई देखने बड़ी संख्या में पहुंचे लोग

# हमारी पुरानी परंपराओं को जीवित रखना बेहद जरूरी : पूर्व जिपं अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

परंपराओं का निर्वहन बेहद जरूरी है। वर्षों से चली आ रही इन परंपराओं के कारण ही हमारी संस्कृति और हमारा सनातन धर्म जीवित है। आज भी इन परंपराओं को निभाना बेहद खुशी देता है। हमारे पूर्वजों द्वारा शुरू की गई परंपराएं निभाई जा रही हैं और आगे भी इनका निर्वहन होता रहेगा। ये बातें भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व जिला पंचायत, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने कही। वे सीहोर जिले की दोराहा तहसील के ग्राम जमुनिया खुर्द पहुंचे थे, जहां पर पाड़ों की लड़ाई का आयोजन किया गया। इसमें श्री अरोरा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इससे पहले जमुनिया खुर्द पहुंचे श्री अरोरा का आयोजन समिति एवं स्थानीय लोगों ने स्वागत, सत्कार किया। इस दौरान श्री अरोरा को साफा बांधकर उनका सम्मान भी किया गया। श्री अरोरा ने कहा कि आयोजन समिति को बधाई, जो आज भी वर्षों से चली आ रही परंपरा को पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निभा रहे हैं। ये परंपराएं ही गांवों में त्यौहारों को जिंदा रखे हुए हैं। समय के साथ धीरे-धीरे कई परंपराएं विलुप्त होती जा रही हैं। इसके कारण त्यौहारों का रंग भी फीका पड़ता जा रहा है, लेकिन सीहोर की धरती पर आज भी इन्हें निभाया जा रहा है। श्री अरोरा ने बतौर मुख्य अतिथि आयोजन में पहुंचकर पाड़ों की लड़ाई का आनंद उठाया तो वहीं आयोजन समिति को बधाई, शुभकामनाएं भी दीं। इस दौरान सीहोर विधानसभा क्षेत्र सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में लोग यहां पर पाड़ों की लड़ाई को देखने के लिए पहुंचे। पाड़ों की लड़ाई का यह आयोजन यहां पर वर्षों से किया जा रहा है। इस आयोजन का क्षेत्रीय लोगों को वर्षभर इंतजार रहता है। हजारों की तादाद में लोग यहां पर आयोजन को देखने के लिए पहुंचते हैं।

**केंद्रीय मंत्री का किया स्वागत :** भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व जिला पंचायत, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने इससे पहले गत दिवस सीहोर पहुंचे केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान का भी स्वागत, सत्कार किया। इस दौरान श्री अरोरा ने केंद्रीय मंत्री से सीहोर की राजनीति को लेकर मंत्रणा भी। केंद्रीय मंत्री ने भी श्री अरोरा के हालचाल जाने।

# हमारी धर्म संस्कृति से जुड़ा है गोवर्धन पर्व: सुदेश राय



**सीहोर।** गोवर्धन पूजन पर्व हर्षोउल्लास से मनाया गया। चांदबड़ स्थित गोशाला में बुधवार को विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुदेश राय सम्मिलित हुए।

चांदबड़ स्थित गोशाला समिति के सदस्यों ने विधायक सुदेश राय का अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया। आचार्य श्री के सानिध्य में विधायक सुदेश राय के द्वारा गोवर्धन पूजन पर्व के उपलक्ष्य में गोपूजन किया गया। उन्होने कहा कि दीपावली के बाद गोवर्धन पर्वत पूजन का शास्त्रों में बड़ा महत्व है भगवान श्रीकृष्ण ने गोकुल वासियों को गौवर्धन पर्वत के माध्यम से ही इंद्र के प्रकोप से बचाया था और गोपालकों को गाय बछड़ो के पालन पौषण की शिक्षा देकर उन्नत प्रगतिशील बनाया था हमारी धर्म संस्कृति से गौवर्धन पर्व जुड़ा है।

विधायक सुदेश राय ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव गौपालन को प्रोत्साहन देने के लिए अनेक योजनाए चला रहे है। गाय हमारे देश की धरोहर है गाय में देवताओं का वास होता है गौवर्धन की पूजा कष्टों को दूर करती है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सैटेलाइट से होगी अवैध उत्खनन की निगरानी

**सीहोर।** खनिजों के अवैध उत्खनन पर नियंत्रण के लिये सेटेलाइट (उपग्रह) आधारित खनन निगरानी प्रणाली विकसित की गयी है। प्रमुख सचिव खनिज ने सेटेलाइट (उपग्रह) आधारित खनन निगरानी प्रणाली को लागू किये जाने के संबंध में जिला कलेक्टर्स को आदेश जारी कर दिये हैं। प्रमुख सचिव खनिज ने बताया कि इस व्यवस्था के अंतर्गत प्रदेश की समस्त खदानों को जियो टैग किया गया है तथा इसे पॉयलेट प्रोजेक्ट के रूप में लागू किया गया है। विभाग द्वारा निर्मित पोर्टल पर क्लिक कर एक्सेस किया जा सकता है। इस पोर्टल से सेटेलाइट के माध्यम से अवैध उत्खनन की पहचान कर एलर्ट्स जारी किये जा रहे हैं, जिसे पोर्टल पर जिला कलेक्टर एवं जिला खनिज अधिकारी द्वारा लॉग इन कर देखा जा सकता है। लॉग इन की जानकारी पृथक से विभागीय ई-मेल आईडी में दी गयी है। जिला कलेक्टर एवं खनिज अधिकारी को एलर्ट की जानकारी एसएमएस द्वारा प्रत्येक माह पोर्टल के माध्यम से दी जायेगी।

**संपत्ति से बेदखली एवं संबंध विच्छेद हेतु जाहिर सूचना**

सर्व साधारण एवं सभी शासकीय कार्यालय, शासकीय निकाय सहित अन्य संस्थाओं को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार मोहम्मद नूर वल्द श्री अब्दुल शकूर निवासी-ग्राम पीलीकरार तहसील बुदनी जिला सीहोर ने उनके पुत्र फैज खान को उसके विवाह के पश्चात पारिवारिक मतभेद के कारण उसे पूर्णरूपेण पृथक कर दिया है तथा विवाह के कुछ समय पश्चात से ही फैज खान मेरे पक्षकार से पृथक निवास कर रहा है एवं मेरे पक्षकार ने उसके पुत्र को अपनी सम्पूर्ण चल एवं अचल संपत्ति से पूर्णरूपेण बेदखल कर दिया है एवं सम्पूर्ण रूप से संबंध विच्छेदित कर लिये हैं। मेरे पक्षकार की संपत्ति को लेकर कोई भी संव्यवहार करने का उनके पुत्र को अधिकार नहीं है। मेरे पक्षकार का परिवार उसके पुत्र से पूर्णरूपेण पृथक है और भविष्य में कोई संबंध मेरे पक्षकार का उसके पुत्र से नहीं रहेगा।

भवदीय, **मनीष शर्मा,** अधिवक्ता
वार्ड क्र. 10 बुधनीघाट
मो. 9827765156

## तीन थानों की पुलिस ने संभाला मोर्चा, गागोरनी छावनी में हुआ तब्दील

# रास्ते के विवाद में दो समुदाय में झगड़ा एक पक्ष के 8 लोग घायल, चार गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

ग्राम गागोरनी में बुधवार सुबह लगभग आठ बजे रास्ते के पुराने विवाद को लेकर दो समुदाय के बीच खूनी संघर्ष हो गया। इस खूनी संघर्ष में आठ लोग घायल हो गए, जिनमें चार लोग गंभीर घायल हो गए जिनमें कमलेश पिता रामप्रसाद वैरागी उम्र 40 वर्ष, दिनेश वैरागी पिता शिवप्रसाद उम्र 60 वर्ष , गुलकंदबाई पति कमलेश 45 वर्ष , पवन पिता कमलेश को गंभीर चोटें आई जिन्हें प्राथमिक इलाज उपरांत बाहर रेफर किया गया है। पुलिस के अनुसार यह विवाद घर के सामने से निकलने वाले रास्ते को लेकर हुआ था। आरोप है कि तस्लीम नामक युवक ने अपने 10 से अधिक साथियों के साथ मिलकर दिनेश बैरागी के परिवार पर लाठी, डंडे और पत्थरों से हमला किया। अचानक हुए इस हमले में घायल सभी आठ लोगों को उपचार के लिए जीरापुर अस्पताल लाया गया। वहां से चार गंभीर घायलों को इलाज के लिए झालावाड़ रेफर किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही जीरापुर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।





### बुलाई गई तीन थानों से पुलिस फोर्स

विवाद बढ़ने की आशंका को देखते हुए जीरापुर, खिलचीपुर और माचलपुर थानों से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। गागोरनी गांव मे पुलिस बल तैनात किया। पुलिस ने हमले में शामिल तीन आरोपी तस्लीम, शाहरुख और इब्राहिम को हिरासत में लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। हमले के बाद गांव में तनाव फैल गया। गुस्साए लोगों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर जीरापुर के इंदर चैराहे पर सड़क जाम कर दिया। थोड़े समय तक यातायात बाधित रहा, जिसके बाद पुलिस अधिकारियों ने आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया और स्थिति को शांत किया। जहां पर अनु विभागीय अधिकारी अंकिता जैन, एसडीओपी धर्मवीर सिंह नागर, नायब तहसीलदार रामकुमार धाकड़, माचलपुर थाना प्रभारी पूजा परिहार, खिलचीपुर थाना प्रभारी उमाशंकर मुकाती, सब इंस्पेक्टर आदित्य सोनी एवं संतोष सिंह सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

### छावनी में बदला गागोरनी गांव

सुरक्षा की दृष्टि से गागोरनी गांव में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। देखते-देखते पूरा गांव छावनी में तब्दील हो गया। पुलिस ने फरियादी मुकेश बैरागी गागोरनी की रिपोर्ट पर आरोपी इब्राहिम, शाहरुख, सादिक, तस्लीम, मांगीलाल मंसूरी, आशिक, अफसाना बी पिता इब्राहिम के खिलाफ बलवा, मारपीट जान से मारने की धमकी गाली-गलोच सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा कायम किया। घटना के समय सुबह मुकेश अपनी दुकान खोलने जा रहा था उसी दौरान आरोपियों ने हमला किया जब बीच बचाव करने परिवार के लोग आयें तो उन पर भी हमला किया जिसमें चार लोग गंभीर घायल हो गए।

## दिव्यांगजन संगठन पदाधिकारियों ने जाहिर किया रोष

# फीकी रही जिले के दिव्यांगजनों की दिवाली, नहीं मिली पेंशन



**राजगढ़।** राजगढ़ जिले के सभी ब्लॉकों के सैकड़ों दिव्यांगों को आर्थिक तंगी के बीच दीपोत्सव मनाना पड़ा है। दूसरे शब्दों में कहें तो शासन, प्रशासन की अनदेखी के चलते दिव्यांगों की दीपावली इस बार फीकी रही है। दरअसल, प्रत्येक पात्र दिव्यांग को शासन द्वारा हर माह दी जाने वाली 600 रुपए की पेंशन राशि अक्टूबर में खातों में नहीं डाली गई। ऐसे में दिव्यांगजनों को खुशियों का पर्व आर्थिक तंगी और परेशानियों के बीच मनाना पड़ा है। दिव्यांग संगठन जिलाध्यक्ष राजेश विश्वकर्मा ने बताया कि अनेकों दिव्यांग ऐसे हैं जिनके लिए शासन से मिलने वाली यह 600 रुपए पेंशन राशि काफी मायने रखती है। लेकिन, सितंबर माह की राशि 22 अक्टूबर तक भी किसी भी दिव्यांग के खाते में नहीं आ पाई है। हरिभूमि ने पेंशन न मिलने के संबंध में जब सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग प्रभारी एवं जिला पंचायत के एसीईओ अर्पित गुप्ता से संपर्क करना चाहा तो उनसे बात नहीं हो पाई।

### चुनावी घोषणा पर भी नहीं हुआ अमल

श्री विश्वकर्मा सहित संगठन के अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि चुनाव के समय दिव्यांगों की पेंशन राशि बढ़ाकर 1500 रुपए प्रतिमाह किए जाने की घोषणा की गई थी। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बावजूद उक्त घोषणा का पालन भी अभी तक नहीं हो पाया है। अगर यह सरकार इसी तरह दिव्यांगजनों की अनदेखी करती रही तो जिले से मप्र के सभी दिव्यांगजनों द्वारा सीएम हाऊस तक स्वाभिमान यात्रा निकाली जाएगी।

# दीपावली पर 'खुशियों का ओटला' ने बांटी खुशियां

**ब्यावरा।** दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में ब्यावरा शहर स्थित पुलिस थाने के पीछे संचालित सामाजिक संस्था 'खुशियों का ओटला' द्वारा हर साल की तरह इस वर्ष भी जरूरतमंद परिवारों को हैप्पी किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में करीब 150 महिलाओं को नई साड़ियां, बच्चों को मिठाइयां, नमकीन, आतिशबाजी और कपड़े प्रदान किए गए। इस पहल का उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों तक खुशियों को पहुंचाना रहा। संस्था के संचालक डॉ. सुरजीत सिंह ने बताया कि



खुशियों का ओटला वर्ष 2015 से लगातार मानव सेवा के कार्यों में सक्रिय है और हर त्योहार पर गरीब व जरूरतमंद परिवारों के बीच सहायता सामग्री वितरित करता आ रहा है। इस अवसर पर डॉ. रवी साहू, सोनम खान, काजल, कनक विशकर्मा, प्रियांशी शर्मा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे उपस्थित रहे।

# श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया भाई दूज का पर्व, बहनों ने किया भाईयों का तिलक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शुजालपुर

दीपावली के पांचवें दिन मनाया जाने वाला भाई-बहन के अटूट प्रेम का पर्व भाई दूज बुधनी नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पूरे श्रद्धा, स्नेह और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही घरों में पूजा की तैयारी शुरू हो गई थी। बहनों ने स्नान-ध्यान कर आरती की थाल सजाई, तिलक का थाल तैयार किया और अपने भाइयों को विधिपूर्वक तिलक लगाकर उनकी लंबी आयु और सुख-समृद्धि की कामना की। भाइयों ने बहनों के चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद लिया और प्रेमपूर्वक उपहार व दक्षिणा भेंट कर स्नेह का प्रतीक दिया।



इस अवसर पर घर-घर में मिठाइयों की खुशबू और आत्मीयता का वातावरण देखने को मिला। कहीं बहनें भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बाँधती नज़र आईं तो कहीं भाइयों ने बहनों को उपहार में साड़ी, मिठाई और नकद भेंट देकर उनके चेहरे पर मुस्कान बिखेरी। हिंदू परंपरा के अनुसार, भाई दूज के दिन यमराज की बहन यमुनाजी ने अपने भाई का स्वागत कर तिलक लगाया था। बहन के स्नेह से प्रसन्न होकर यमराज ने आशीर्वाद दिया कि जो भी इस दिन अपनी बहन से तिलक करवाएगा, उसे यमलोक का भय नहीं रहेगा। तभी से यह परंपरा शुरू हुई, जो आज भी पूरे भाव और श्रद्धा से निभाई जाती है। भाई दूज का यह पावन पर्व न केवल भाई-बहन के रिश्ते को और प्रगाढ़ बनाता है, बल्कि परिवार में प्रेम, एकता और संस्कारों को भी सुदृढ़ करता है। नगर में पूरे दिन भाई-बहन के मिलन और पारिवारिक सौहार्द्र के सुंदर दृश्य दिखाई देते रहे, जिससे पूरा वातावरण भावनाओं और खुशियों से सराबोर हो उठा।

## गौ सेवा से होती है समृद्धि और पर्यावरण संरक्षणः मंत्री टेटवाल

# गोवर्धन पूजा व गौ पूजन कार्यक्रम संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

बुधवार को स्थानीय कपिलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में स्थित गौशाला में गोवर्धन पूजा एवं गौ माता की विधिवत पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संत पवन दास महाराज के सानिध्य में राज्यमंत्री गौतम टेटवाल, जन अभियान परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन नागर, कलेक्टर गिरीश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित जनों ने गोवर्धन पर्व के अवसर पर गौ माता की पूजा-अर्चना कर चारा खिलाया और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मंत्री टेटवाल ने कहा कि गौ माता हमारी संस्कृति, श्रद्धा और समृद्धि की आधारशिला हैं। गौसेवा से न केवल पुण्य की प्राप्ति होती है, बल्कि इससे पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की सशक्त नींव भी मजबूत होती है। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद,हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला, सुशील व्यास, विष्णु पाटीदार, बद्रीलाल बामनिया, जुगल किशोर दुबे, महेश पाटीदार सहित अन्य ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# किसानों ने घेरा बिजली ग्रिड



**ब्यावरा।** किसानों के लिए समय पर बिजली की आपूर्ति ने होने के कारण फसलों पर असर पड़ रहा है। जिसके चलते किसान परेशान हो रहे हैं। कई बारी बिजली विभाग को शिकायत करने के बाद भी किसानों को सिंचाई के लिए मात्र 2 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। ब्यावरा के गिंदौर हाट, नेटाठारी पिपलिया खेडी व आधा दर्जन से अधिक गांव के नाराज किसानों ने सिलपटी बिजली ग्रिड का घेराव किया इस पर बिजली विभाग के अधिकारियों ने तुरंत समाधान कि बात करते हुए बिजली आपूर्ति को समय पर देने की बात की जिसके लिए 3 दिनों का समय मांगा गया है। किसानों ने भी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि विभाग द्वारा दी गई समय सीमा में समस्या का निदान नहीं हुआ तो फिर किसान आंदोलन व चक्का जाम करेंगे जिसकी जिम्मेदारी विभाग की होगी।

# श्री मानस गीता गोशाला में धूमधाम से हुआ गोवर्धन पूजा महोत्सव



**नरसिंहगढ़।** दीपोत्सव के पावन अवसर पर श्री मानस गीता गोशाला परिसर में परंपरागत रीति से गोवर्धन पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने विधिविधान से गोबर के गोवर्धन बनाकर पूजा-अर्चना की और गोमाता की परिक्रमा कर सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में विधायक मोहन शर्मा, महंत दीपेंद्र दास, भरत झंवर, रमेश मालवीय, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह परमार, जितेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में समिति सदस्य और आमजन उपस्थित रहे। पूजन उपरांत भजन-संकीर्तन के साथ प्रसादी वितरण किया गया। इस अवसर पर गोशाला परिसर दीपमालाओं से जगमगा उठा और श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को गोवर्धन पूजा की शुभकामनाएं दीं।

## पूजा-अर्चना एवं विविध कार्यक्रमों के साथ मनाया गोवर्धन पर्व

# मां जालपा गोशाला में नजर आई आस्था, सेवा और संस्कारों की त्रिवेणी



**राजगढ़।** स्थानीय संकट मोचन मंदिर के समीप स्थित मां जालपा गोशाला में विधि-विधान के साथ पूजन-अर्चन करते हुए गोवर्धन पूजा पर्व मनाया गया। गोशाला परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में गोमाता की आराधना, भजन-कीर्तन और झिलमिलाते दीपों की जगमगाहट से वातावरण भक्ति की गंगा में सराबार होता नजर आया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर ने गोशाला की गायों व अन्य गोवंश की पूजा-अर्चना उपरान्त गोसेवकों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इसके साथ ही वहां उपस्थित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्यजनों द्वारा भी गोमाता का पूजन-अर्चन करते हुए आर्शिवाद लिया गया। मंच पर आयोजित गोसेवक सम्मान समारोह में उन समर्पित गोसेवकों का स्वागत, अभिनंदन किया जो पूरे साल निस्वार्थ भाव से बीमार और निराश्रित गोवंशों की सेवा-सुश्रुसा में लगे रहते हैं।

# महिलाओं ने गोवर्धन बनाकर की पूजा अर्चना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

झाडला गांव-देहात सहित आसपास के दूरदराज ग्रामीणों में दीपावली का पर्व बड़े उत्साह हर्षोल्लास से मनाया गया। दीपावली पर्व को लेकर हर वर्ग विशेष में खासा उत्साह का वातावरण बना रहा। त्योहार पर किसान एवं गाँव के लोगो द्वारा खूब खरीदी की गई।वही पड़वा पर्व पर किसानों ने अपने पालतू मवेशी भैंस, गाय और भेड़ बकरी की पुजा की गई तथा महिलाओं द्वारा अपने अपने घर के द्वार के सामने गो माता के गोबर से गोवर्धन बनाकर पूजा अर्चना करके गोवर्धन परिक्रमा की गई। महिलाओं ने गोबर से निर्मित गोवर्धन बनाकर घर में सुख शांति, खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की तथा प्रसाद वितरण कर गोवर्धन भगवान से अपने परिवार के लिए मंगल जीवन की कामना की गई।

## क्षेत्रीय सांसद और विधायक के अनुरोध पत्रों पर भी रेलवे ने नहीं किया विचार

# राजगढ़ स्थित हेड पोस्ट ऑफिस में बंद हुई रेलवे रिजर्वेशन सुविधा

राजगढ़ नगर सहित क्षेत्र के अनेकों लोगों को होगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

इसे विडंबना ही कहेंगे की दीपावली पर जहां शासन और सरकारें आमजनों के हितों के लिए नई-नई सौगातें दिया करती हैं वहीं राजगढ़ जिले में इसका उलट हुआ है। केंद्रीय रेलवे मंत्रालय ने राजगढ़ मुख्यालय स्थित हेड पोस्ट ऑफिस में साल 2014 से जारी रेलवे रिजर्वेशन काउंटर सुविधा को बंद कर दिया है। उक्त सुविधा के बंद होने से राजगढ़ नगर सहित आसपास क्षेत्र के सैकड़ों लोगों को अब परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। रिजर्वेशन काउंटर बंद किए जाने का निर्णय पोस्ट ऑफिस के अधिकारियों द्वारा रेलवे द्वारा जारी अधिकृत पत्र के आधार पर किया गया है।

### सांसद और विधायक के अनुरोध पत्र भी न कर सके काम

आपको बतादें कि पोस्ट ऑफिस में रेलवे आरक्षण की उक्त सुविधा बंद किए जाने की सुगबुगाहट काफी समय से सुनाई दे रही थी। इसी के चलते क्षेत्रीय एवं राजगढ़ विधायक द्वारा केंद्रीय रेल मंत्री को पत्र लिखते हुए मुख्य डाकघर में संचालित रेलवे टिकिट आरक्षण केंद्र को यथावत रखने के आग्रह पत्र भी लिखे जा चुके हैं। इसके बावजूद 21 अक्टूबर से पोस्ट ऑफिस में रेल टिकट आरक्षक केंद्र बंद कर दिया गया है।

### पोस्ट ऑफिसकर्मी स्वयं करते थे टिकट बुकिंग

ऐसा भी नहीं है कि उक्त रेलवे टिकिट काउन्टर के संचालन हेतु रेलवे ने अपना कोई कर्मचारी पोस्ट ऑफिस में पाबंद कर रखा था। पोस्ट ऑफिस के कर्मचारियों द्वारा ही रिजर्वेशन काउन्टर पर आरक्षण




सुविधा प्रदान की जा रही है।

### टिकटों की कम बिक्री बनी कारण

हेड पोस्ट ऑफिस में रेल टिकटों की कम बिक्री उक्त आरक्षण केंद्र बंद होने का प्रमुख कारण बताई जा रही है। दरअसल, रेलवे ने 1 जनवरी 2025 से 30 जून 2025 के बीच प्रतिदिन 10 टिकिट औसत बिक्री का आंकड़ा निकाला था जिसमें राजगढ़ सहित 25 अन्य पोस्ट ऑफिस खरे नहीं उतर पाए। इसी आधार पर रेलवे ने अपने नियमों का हवाला देते हुए उक्त काउन्टर बंद किए जाने संबंधी पत्र जारी किया है।

### आरक्षण काउंटर बंद होने से नागरिकों में रोष


रेलवे द्वारा आम नागरिकों की सुविधा हेतु 11 साल से सतत रूप से चले आ रहे रेलवे रिजर्वेशन काउन्टर को अचानक बंद किए जाने से स्थानीय नागरिकों एवं अक्सर रेल से यात्रा करने वालों में खासा रोष व्याप्त है। आमजनों द्वारा सोशल मीडिया पर भी रेलवे के उक्त निर्णय पर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं व्यक्त करते हुए नाराजगी जाहिर की जा रही है।

### इनका कहना..

हम तो खुद नहीं चाहते थे कि राजगढ़ के हेड पोस्ट ऑफिस में संचालित रेलवे रिजर्वेशन काउंटर बंद हो। परन्तु, रेलवे ने निर्णय लिया है तो हमें उसका पालन करते हुए काउंटर बंद करना पड़ा।

**एमएल मालवीय**
**अधीक्षक, मुख्य डाकघर, सीहोर**


# बाबा रामदेव धाम टिकोन में पड़वा पर अन्नकूट का आयोजन हुआ



## छप्पन भोग लगाकर की आरती, महाप्रसादी का किया गया भव्य कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

ग्राम टिकोन में स्थित बाबा रामदेव धाम के प्रसिद्ध स्थान पर दीपावली पर्व के अंतर्गत पड़वा पर बुधवार को अन्नकूट का आयोजन किया गया। इस दिन बाबा रामदेवजी की प्रतिमा के समक्ष छप्पन भोग लगाया जाकर आरती की गई तथा बाबा के सेवक द्वारा वर्ष भर की भविष्यवाणी की गई। जिसे सुनने के लिए बड़ी संख्या में बाबारी भक्त उपस्थित रहे। रामदेव धाम के गुरूजी शि व ना रा य ण जी पाटीदार द्वारा इस दिन भक्तों के दुःख कष्टों का निवारण कर दीप पर्व पर सभी को मंगलमय आशीर्वाद



प्रदान किया गया। इस अवसर पर आगामी वर्ष कैसा रहेगा इसको लेकर बाबा की गादी से गुरूजी द्वारा भविष्यवाणी भी की गई।

बुधवार को तहसील के ग्राम टिकोन स्थित बाबा रामदेवजी के दरबार में बाबा के समक्ष छप्पन भोग लगाकर महाआरती की गई जिसके पश्चात 12:30 बजे वार्षिक भविष्यवाणी की गई। तथा दोपहर में महाप्रसादी का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में बाबारी भक्तों द्वारा भाग लिया गया। आयोजन को लेकर मंदिर परिसर पर आकर्षक सजावट व साज सज्जा की गई थी।

### वर्षभर की हुई भविष्यवाणी

बुधवार को रामदेव धाम टिकोन पर गुरूजी द्वारा वर्षभर की भविष्यवाणी करते हुए भक्तों को बताया गया कि आगामी नव वर्ष में बारिश तथा फसलों की क्या स्थिती रहेंगी। वहीं चांदी, सोने, अनाज सहित अन्य वस्तुओं के भाव तथा प्राकृतिक आपदा व बीमारी आदि के बारे में भविष्यवाणी की गई। रामदेव धाम पर वर्ष भर की होने वाली इस भविष्यवाणी को सुनने के लिए प्रदेश के कई स्थानों के साथ अन्य प्रदेशों से भी बाबारी भक्त बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

---

## वर्षों की परंपरा आज भी कायम, अन्नदाताओं का किया सम्मान

# किसानों ने बैलों को श्रृंगारित कर निकाला सामूहिक चल समारोह







हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

नगर में वर्षों से परंपरा चली आ रही है कि पड़वा को नगर के किसान अपने बैलों को श्रृंगारित कर उनका सामूहिक रूप से चल समारोह निकालते हैं और सम्पूर्ण नगर के नागरिक विशेष कर युवा सामूहिक रूप से आतिशबाजी करते हैं।

बुधवार को नगर में परंपरानुसार किसानों के अन्नदाता कहे जाने वाले गोवंश बैलों का चल समारोह किसानों तथा गौ सेवा समिति द्वारा दोपहर 3 बजे सांवलिया नाथ मंदिर से निकाला गया। जिसमें नलखेड़ा कस्बे के साथ क्षेत्र के किसानों द्वारा अपने अपने बैलों को आकर्षक रूप से श्रृंगारित कर बैंड बाजों के साथ चल समारोह प्रारम्भ किया। चल समारोह किला रोड़ होते हुए चौक बाजार से गणेश चौराहा पहुंचा जहाँ समापन हुआ। चल समारोह के आगे आगे बज रहे डीजे बैड पर युवा वर्ग नाचते थिरकते चल रहा था। वहीं युवाओं द्वारा जमकर आतिशबाजी भी की गई। किसानों का चौक बाजार में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी, उपाध्यक्ष प्रितेश फाफरिया व पार्षद गोवर्धन वेदिया, पार्षद प्रतिनिधि निलेश लोढ़ा आदि ने साफा बांध कर सम्मान किया।

गणेश चौराहे पर समापन अवसर पर इस चल समारोह में अपने बैलों को सुंदर श्रृंगार करके लाये प्रथम कृषक दुर्गेश पन्नालाल सेन धरोला को 11000 रुपये, द्वितीय कृषक प्रेमनारायण धन्धेड़ा को 5100 रूपये और तृतीय कृषक बाबूलाल पड़ाना को 3100 व चतुर्थ पुरस्कार कृषक नंदूसिंग पर्वतसिंग भंडावद को 1100 रूपये से नगर के गौ सेवा समिति के सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा पुरस्कृत किया गया। तथा अन्य कृषकों को पुरस्कार के रूप में टिफिन का वितरण किया गया। गौरतलब है कि कुछ वर्षो पूर्व तक नगर में यह चल समारोह आयोजन के रूप में होता था तब किसानों के पास बैल जोड़ियां अधिक थी लेकिन समय के बदलाव के साथ अब बैल जोड़ियां कम हो जाने से चल समारोह में इनकी संख्या भी बेहद कम होती है। लेकिन किसानों द्वारा सैकड़ों वर्षो की परंपरा का आज भी निर्वहन किया जा रहा है।

### पड़वा पर हुई गोवर्धन और पशुधन पूजा



**नलखेड़ा।** दीपोत्सव पर्व अंतर्गत परंपरानुसार पड़वा पर गोवर्धन पूजा व पशुधन पूजा हुई। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में बुधवार को पड़वा पर धूमधाम से गोवर्धन पूजा की गई। महिलाओं द्वारा गाय के गोबर से गोवर्धन बनाकर पूजा की गई। इसी दौरान गौमाता की पूजा भी की गई। रात्रि के समय किसानों द्वारा अपने पशुधन की पूजा की गई। परंपरानुसार पशुओं को मेहंदी लगा एवं विभिन्न सज्जा सामग्रियों से सजाकर उनकी पूजन की गई। इस दौरान जमकर आतिशबाजी भी की गई। पड़वा पर तहसील क्षेत्र की विभिन्न गोशालाओं में नागरिकों व ग्रामीणजनों द्वारा गौमाता की पूजा की गई।



---

## महालक्ष्मी पूजा कर मांगी सुख-समृद्धि की कामना

# दीपों की रोशनी से जगमगाया नगर घर-आंगन दीपों और रंगोली से सजे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

दीपोत्सव का पर्व नगर में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नागरिकों द्वारा मां लक्ष्मी का पूजन कर घर में सुख शांति समृद्धि की कामना की गई। दीपावली पर्व को लेकर नागरिकों ने अपने प्रतिष्ठान के साथ घरों पर विद्युत रोशनी के साथ दीपों की रोशनी की गई। बच्चों एवं बड़ों द्वारा जमकर आतिशबाजी भी की गई। मंदिरों में भी आकर्षक रंगोली बनाकर परमात्मा की मनमोहक आंगी रचना की गई। सोमवार को नगर में दीपावली का पर्व मनाया गया, व्यापारियों द्वारा वहीखातों के साथ माता लक्ष्मी का पूजन किया गया वहीं नागरिकों द्वारा भी अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर परिवार सहित मां लक्ष्मी का पूजन कर उन्हें विभिन्न प्रकार की पूजन सामग्री समर्पण की गई तथा माता लक्ष्मी से घर में सुख शांति और समृद्धि की कामना की गई।

### घर और आंगन रंगोली व दीपों से हुए जगमग

दीपोत्सव पर्व को लेकर महिलाओं व बालिकाओं द्वारा घर आंगन में विभिन्न प्रकार की आकर्षक रांगोली बनाकर दीपों की रोशनी से घर को सजाया गया। वहीं मंदिरों व धार्मिक स्थलो पर भी महिलाओं द्वारा आकर्षक रंगोलियां बनाई गईं। तथा भगवान की मनमोहन आंगी रचनाकार श्रृंगार किया गया। दीपावली पर्व को लेकर जहा बाजारो में रोनक छाई रही। वहीं घरों में भी इस पर्व को लेकर उत्साही माहोल दिखाई दिया। दीपावली पर्व पर जहां घरों को दीपक की रोशनी के साथ विद्युत रोशनी भी की गई वहीं घरो व प्रतिष्ठानों के सामने घर की गृह लक्ष्मी द्वारा विभिन्न रंगो से आकर्षक रंगोलियां बनाकर दीपों की रोशनी से उन्हें सजाया गया।

---

# गोवर्धन पूजा कर सुख-समृद्धि की कामना की

**कानड़।** बुधवार सुबह नगर में जगह जगह पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। गांवों और मोहल्लों में महिलाओं ने अपने गली मोहल्ले में पूजा की और अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। गोवर्धन पर्वत की प्रतिकृति बनाई महिलाओं ने बड़े श्रद्धाभाव से गाय के गोबर से गोवर्धन पर्वत की प्रतिकृति बनाई। उसके चारों ओर दीपक जलाए, फूल चढ़ाए और मंगल गीत गाते हुए पूजा-अर्चना की।



परिवार की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और कल्याण की कामना करते हुए उन्होंने सात बार गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा की। कई जगहों पर महिलाओं ने समूह में मिलकर सामूहिक रूप से भी पूजा का आयोजन किया, जिससे वातावरण भक्ति और उल्लास से भर गया।

### शुभ मुहूर्त में की मां लक्ष्मी की पूजा, आतिशबाजी हुई


**कानड़।** सुख-समृद्धि एवं उल्लास का महा पर्व दीपावली नगर सहित पूरे क्षेत्र में सोमवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दीपावली पर्व पर नगर के सभी घर और प्रतिष्ठानों पर आकर्षक विद्युत साज-सज्जा और पुष्प मालाओं से सजावट की गई थी नगर वासियों एवं व्यापारियों ने शुभ मुहूर्त में श्री गणेश माता लक्ष्मी और सरस्वती माता की पूजा कर अखंड लक्ष्मी और सुख समृद्धि की कामना की। माता लक्ष्मी की पूजन के बाद अमावस्या की रात दीपक और आतिशबाजी से रोशन हुई।

---

# पंचमुखी हनुमान मंदिर पर हुआ अन्नकूट का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

नगर के मध्य चौक बाजार में स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर अन्नकूट का आयोजन हुआ। हनुमानजी को छप्पन भोग लगाया गया। मंगलवार रात्रि को श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर श्री पंचमुखी हनुमान भक्त मंडल द्वारा हनुमान जी को छप्पन भोग लगाकर महाआरती की गई।



जिसके पश्च्यात प्रति मंगलवार निकलने वाले हनुमान जी के झंडे का आगमन पंचमुखी हनुमान मंदिर हुआ। झंडा मंडली द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी गई जिन पर भक्त जमकर थिरकते रहे। इस दौरान भक्तों पर लगातार पुष्पवर्षा होती रही। इसके बाद अन्नकूट प्रारंभ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की।

---

# यम द्वितीया पर्व पर श्री चित्रगुप्त मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद हुआ दीपावली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

श्री चित्रगुप्त मंदिर में यम द्वितीया पर्व पर भगवान चित्रगुप्त जी की पूजा के दौरान सभी चित्रांश बंधु उपस्थित रहें। इस अवसर पर प्रति वर्ष अनुसार विधि विधान से भगवान श्री चित्रगुप्त का पूजन किया अभिषेक हवन आरती के पश्चात प्रसादी वितरण किया। सभी उपस्थित चित्रांश बंधुओं ने दिवाली मिलन समारोह किया। कार्यक्रम मे समाज संरक्षक गणेश कुमार माथुर, डॉ राजेंद्र श्रीवास्तव सकल समाज अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, मंदिर समिति अध्यक्ष नरेश माथुर,मनोहर लाल श्रीवास्तव मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अमित माथुर,सुनील सक्सेना, प्रदीप माथुर,मोहन श्रीवास्तव, दिनेश माथुर,प्रेम नारायण श्रीवास्तव ,डॉ दिनेश माथुर प्रकाश माथुर,मोहन श्रीवास्तव,सर्वेश भटनागर, देवेन्द्र माथुर अनमोल माथुर,प्रणव माथुर,मनोज श्रीवास्तव,अमनश्रीवास्तव ,पीयूष श्रीवास्तव, हर्षित श्रीवास्तव,आशुतोष श्रीवास्तव,सक्षम श्रीवास्तव,निर्मलदास बैरागी एवम अनेक समाज उपस्थित रहे ।



---

## स्व. प्रमोद पटेल काका की स्मृति में एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता

# सीहोर रेड ने सीहोर ग्रीन को मुकाबले में 1-0 से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

शहर के चर्च मैदान पर जिला फुटबाल एसोसिएशन और संस्कार मंच के संयुक्त तत्वाधान में बीएसआई क्लब के पूर्व चेयरमैन स्व. प्रमोद पटेल की स्मृति में एक दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर गुरुवार की शाम को दो मैच खेले गए थे। जिसमें पहला मैच सीहोर रेड और सीहोर ग्रीन के मध्य खेला गया। इस रोमांचक मैच में सीहोर रेड ने सीहोर ग्रीन को 1-0 से हराया, इसके अलावा एक अन्य मुकाबला सीहोर बाइज ने सीहोर चिल्ड्रन के मध्य खेला गया। जिसमें सीहोर चिल्ड्रन ने 2-0 से मैच जीता। प्रतियोगिता के अंत में मुख्य अतिथि के रूप में संस्कार मंच के संरक्षक जितेन्द्र तिवारी, खेल अधिकारी अता उल्लाखान, जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया, मनोज दीक्षित मामा, राजेश परिहार, धर्मेन्द्र माहेश्वरी, आयुष गुप्ता, मनोज अहिरवार सहित अन्य ने यहां पर काका को श्रद्धांजली अर्पित की। इस मौके पर संयोजक श्री तिवारी ने बताया कि खेल के प्रति जो योगदान काका का रहा है, वह किसी का नहीं है, उन्होंने खिलाड़ियों के लिए हमेशा समर्पण और त्याग की भावना रखी है। कार्यक्रम के अंत में यहां पर उपस्थित खिलाड़ियों और खेल संगठनों ने शुक्रवार को ग्वालियर जाने वाली फुटबाल टीम को



रवाना किया। इस मौके पर जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया ने बताया कि आगामी दिनों में ग्वालियर में होने वाली प्रतियोगिता के लिए सीहोर की सीनियर टीम रवाना हो रही है। इसके अलावा गुरुवार को काका स्मृति फुटबाल प्रतियोगिता में दो मैच खेले गए थे। इसमें पहला मुकाबला सीहोर रेड-सीहोर ग्रीन के मध्य खेला गया। इसमें यश के शानदार गोल की बदौलत सीहोर रेड टीम विजय रही। इसके अलावा दूसरा मैच सीहोर बाइज और सीहोर चिल्ड्रन के मध्य खेला गया। इस मुकाबले में सीहोर चिल्ड्रन की ओर से राज ने दो गोल कर अपनी टीम को विजय बनाया।

---

# शहर में धूमधाम से मनाया भाई दूज पर्व, बहनों ने भाईयों को किया तिलक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जावर

नगर सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। भाई दूज पर्व पर बहन ने भाई को तिलक लगाकर आशीर्वाद दीया। भाई दूज का त्योहार इस बार 23 अक्टूबर को मनाया गया। यह त्यौहार भाई बहन के गहरे प्यार और भाई की लंबी उम्र से जुड़ा होता है। इस दिन बहनें अपने भाइयों को तिलक लगाती है और उनकी खुशीयों वह अच्छै स्वास्थ्य की कामना की। दूज पर भाई भी अपनी बहनों को उपहार देते है।